Paper- I
Unit = I

Que 1. प्रबंध से आप क्या समझते है ? इसकी अवधारणाएँ बताइये ।

Ans प्रबन्ध सरलतम एवं सर्वाधिक प्रचलित परिभाषा करने का श्रेय मेरी पार्कर फॉलेट को दिया जाता है । उनके अनुसार प्रबन्ध दूसरो से कार्य करवाने की कला है ।
" प्रो. हेरोल्ड कूँज ने इस परिभाषा मे थोड़ा संशोधन किया है। और लिखा है प्रबंध औपचारिक रूप से संगठित समूहों के द्वारा एवं समूहों में कार्य करवाने की कला है ।

प्रबंध के विभिन्न अवधारणाये !-

प्रबंध को विभिन्न व्यक्तियों में अनेक रूपों स्थितियों, दृष्टिकोणो से देखा जाता है । परिणामस्वरूप लोगों के मन व मस्तिस्क मे प्रबंध के संबंध मे भिन्न -2 विचार एवं आकृतियाँ प्रबंध कि विभिन्न अवधारणाये के रूप में पढने एवं सुनने को मिलती है प्रबंध की विभिन्न अवधारणाएँ को मोटे तौर पर दो वर्गो मे बांटा गया है !-
(1) संज्ञा के रूप में अवधारणा
(2) क्रिया के रूप में अवधारणा

(1) संज्ञा के रूप में अवधारणा !-
(i) उत्पादन के साधन के रूप मे => अर्थशास्त्रियों ने प्रबंध की अवधारणा उत्पादन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में की जाती है। अर्थशास्त्रियों का

मानना है कि उत्पादन कार्य भूमि, पूँजी, श्रम, साहस आदि की तरह ही प्रबंध भी उत्पादन का एक महत्वपूर्ण साधन है यह वह साधन है जो संस्था के सभी साधनों के कुशलतम उपयोग में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

(2) प्रबंध व्यवसाय के अंग के रूप में => प्रबंध गुरु पीटर ड्रकर ने प्रबंध को व्यवसाय के अंग के रूप में देखा है उनका कहना है कि एक बहु उद्देश्य अंग के रूप में है, जो व्यवसाय का प्रबंध करता है, कर्मचारियों का प्रबंध करता है कार्यो का प्रबंध कर्ता है, उद्देश्यों का प्रबंध करता है। इस अंग के बिना व्यवसायिक संगठन की कल्पना भी नही जा सकती है।

(3) प्रबंध व्यक्तियों के विशिष्ट वर्ग या समूह के रूप में कुछ प्रबंध शास्त्री प्रबंध से तात्पर्य व्यक्तियों को उस विशिष्ट समूह से भी लगाते है जो संस्था के प्रबंध प्रशासन एवं निरक्षण का कार्य करते है। ऐसे प्रबंध कुछ शास्त्रियों का यह यह विश्वास है कि प्रबंधक कुछ असमान्य विशिष्ट श्रेष्ठतम व्यक्ति होते है तथा एक विशेष प्रकार का कार्य करते है। ऐसे व्यक्ति ससंथा में उच्च, मध्यम वर्गीय तथा संचालनिय सभी स्तरों पर पाये जाते है।

(4) प्रबंध सतयुक्त प्रणाली के रूप में =)
विशेष प्रबंधको को सतयुक्त प्रणाली कई प्रथम रूप में परिभाषित करते है। यह सतयुक्त प्रणाली क्रम से चलती है। दूसरे शब्दों में संस्था के प्रत्येक स्तर पर प्रबन्धक होते है जो अपने स्तरों पर अपने आधीनस्तो के लिए, नीतियो योजनाए, कार्यप्रणालीयाँ, नियम, आपसी संबंध आदि निर्धारित करते है।

(5) प्रबंधक एवं विषय या ज्ञान की शाखा या विद्या के रूप में =) प्रबंध की अवधारणा ज्ञान की एक शाखा, विद्या या विषय के रूप में भी दी गई है प्रबंध शास्त्र का अध्ययन तथा उसमे शोधन करने वाले व्यक्ति प्रबंध शब्द का प्रयोग एक विषय पर ज्ञान की क्रिया को समबांधित करने के लिए करते है। एसे व्यक्ति प्रबंध के स्वरूप मे, प्रकृति, प्रक्रिया, तकनिक आदि का व्यक्ति अध्ययन / अध्यापन किया जाता है और इसके विचार के लिए प्रबंध के सिद्धांत एवं व्यवहार पर शोध किया जाता है
(6) प्रबंध जीवन वर्ती पेशो के रूप में:-
(8) क्रिया या कार्य के रूप में अवधारणा =)
प्रबंध की अवधारणा क्रिया के रूप में भी की जाती है। इस प्रकार की अवधारणा करने वालों ने प्रबंध के एक विशिष्ट कार्य माना है। इस अवधारणा के अनुसार प्रबंध एक ऐसा

कार्य है जो किसी संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया जाता है। किया के रूप में प्रबंध की अवधारणायें निम्नलिखित है :-

(i) वैधानिक प्रबंध की अवधारणा :-) 20 वी शताब्दी के प्रारम्भ मे जब प्रबंध का व्यवस्थित अध्ययन प्रारम्भ हुआ सर्वप्रथम प्रबंध कार्य की वैधानिकन अवधारणा का विकास हुआ। टेलर को इस अवधारणा का जनक कहा जाता है। इस अवधारणा के अनुसार प्रबंध से तात्पर्य कार्य करने की सर्वोत्तम विधी खोजना तथा न्यूनतम लागत एवं प्रयासों से अधिकतम उत्पादन करना है।

(ii) प्रक्रिया अवधारणा =) जब अमेरिका में वैधानिक प्रबंध की अवधारणा विकसित हुई तभी फ्रांस मे प्रबंध की प्रक्रिया का / कार्यात्मक अवधारणा का जन्म हो गया था इसको विकसित करने का श्रेय हेनरी फेयोल को दिया जाता है। प्रबंध की प्रक्रिया के अवधारणा के समर्थकों के अनुसार प्रबंध एक प्रक्रिया है। प्रबंध प्रक्रिया के कार्य नियोजन, संगठन, नियंत्रक, निर्णय, समन्वय, सम्प्रेषण आदि होते हैं।

Page No.
Date

(iii) मानव प्रधान अवधारणा =>

दशक प्रबंध कार्य की सम्पति इस शताब्दी के सम्पन्नता की एक नयी अवधारणा विकसित होने लगी है जिसे मानव प्रधान अवधारणा का नाम दिया गया। यह अवधारणा इस मान्यता पर आधारित है कि "प्रबंध दूसरे से कार्य करवाने की कला है।" अतः इसके समर्थक मानते है कि मानव का सिद्धांत करके है संस्था के कार्यो को भली प्रकार से करवाया जा सकता है

(iv) सहकारि सामाजिक प्रणाली अवधारणा =>

कुछ प्रबंध शास्त्री ऐसे भी हुए जिनका यह विश्वास था कि प्रबंध कार्य मे सफलता तभी प्राप्त कि जा सकती है जबकि सम्पुर्ण संगठन या संस्था को सहकारी सामाजिक प्रणाली के रूप जाँचे इसे अवधारण के समर्थकों का कहना है कि संगठन की सफलता इससे जुडे व्यक्तियों के सामुहिक सम्बंधो पर निर्भर करती है।

(v) निर्णयन अवधारणा =>

कुछ सिद्धांतो ने प्रबंध में निर्णयन कार्यो को महत्व देते हुए कहाँ है कि " प्रबंध निर्णयन प्रक्रिया है इससे विद्वानों का यह मानना है कि कोई भी प्रबंधक अपने निर्णयों के द्वारा ही न्युनतम लागत तथा

अच्छे प्रयासों से उद्देश्यों को प्राप्त कर सकता है। अतः प्रबंध की सफलता के लिए अच्छे निर्णय परम आवश्यक है।

(vi) नेतृत्व अवधारणा

(vii) प्रणालिगत अवधारणा => कुछ विद्वानों ने प्रबंधों कार्यों की सफलता के लिए प्रबन्ध की प्रणालिगत अवधारणा को अपनाने का सुझाव दिया है इस अवधारणा के समर्थकों का मानना है कि सम्पूर्ण संस्था अपने वातावरण कि कुल प्रणालि है। जिसका अपने आंतरिक एवं बाह्य वातावरण होता है। इन दोनों वातावरणों में अनेक प्रणालियाँ एवं उपप्रणालियाँ होती हैं इन जो आपस में संबंधित या निर्भर रहती है।

(vii) संयोगिक अवधारणा => कुछ विद्वानों ऐसे भी है जो प्रबंध की अवधारणा ऐसे कार्यों के रूप में करते है जिन्हे किन्ही पूर्व निर्धारित विधि या सिद्धान्तों से पूरा नही किया जा सकता है। ऐसे विद्वान यह मानते है कि प्रबंध कार्य कि सफलता में परिस्थितियों का बहुत बड़ा हाथ होता है इसके अनुसार प्रबंध औद्योगिक वातावरण है।

Date

Que.2 प्रबंध का अर्थ बताते हुए इसके महत्व को समझाइये।

(a) व्यवसायिक संस्थाओं के लिए महत्त्व

(1) उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का निर्धारण => प्रत्येक व्यवसायिक संस्था की सफलता में सुदृढ उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं का महत्वपूर्ण स्थान होता है। चूंकि प्रत्येक संस्था के पास साधन एवं समय सीमित है। अतः उसे सीमाओं को ध्यान में रखकर अपने उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं ~~को ध्यान में रखकर अपने~~ उद्देश्य निर्धारित करना होता है। कुशल प्रबंध ही सीमित साधनों एवं आवश्यकताओं में संतुलन स्थापित करके उद्देश्यों एवं प्राथमिकताओं को भली प्रकार निर्धारित कर सकता है।

(2) साधनों का अनुकूलतम उपयोग => प्रत्येक व्यवसायिक संस्था को सफलता के लिए साधनो का अनुकूलतम उपयोग करना चाहिए। हमारे पास उपस्थित साधनों के अधिकतम उपयोग करना चाहिए। साधनों की कमी को ध्यान में रखते हुए साधनों अनुलकूलतम प्रयोग करना चाहिए।

(3) संस्था की सफलता का / लक्ष्यों की प्राप्ति => प्रबंध सदैव सोदेश्य या उद्देश्यपरक होता है कुशल प्रबंध से ही संस्था को उद्देश्यों को

Teacher's Signature........

यथा समय समुचित ढंग से प्राप्त किया जा सकता है। और संस्था की सफलता को सुनिश्चित किया जा सकता है। सिलियन ने लिखा है कि " प्रबंध के विद्यमान होने का सबसे बड़ा कारण यही है कि " प्रबंध के विद्यमान होने का यह संस्था का सफलतापूर्वक संचालन करना है।"

(4) जटिल व्यावसायिक समस्याओं का समाधान => आधुनिक व्यवसाय का स्वरूप जटिल से जटिल होता जा रहा है व्यवसाय में मानवीय, भौतिक, वित्तीय, तकनीकि एवं राजनैतिक जटिलताएं बढ़ रही है। इन जटिलताओं का समाधान करने के लिए प्रत्येक व्यवसाय को कुशल प्रबंधको की निरंतर आवश्यकता रहती है।

(5) प्रतिस्पर्धा पर विजय

(6) प्रभावकारि संगठन संरचना का निर्माण => एलेज ने लिखा है की " सुदृढ संगठन संरचना संस्था के सफलता पूर्वक संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है।" वास्तव में किसी भी उपक्रम के सफल संचालन के लिए प्रभावकारी संगठन संरचना का निर्माण परमावश्यक है इसके द्वारा संस्था के कर्मचारियों के कार्यों के दोहराव को रोका जा सकता है एवं कर्मचारियों के कार्यों में हस्तक्षेप को रोका जा सकता है।

Date

(7) मानवीय संसाधनों का विकास => कुशल प्रबंध का महत्व इसलिए भी है कि यह मानवीय संसाधनों का अधिकतम विकास करने में सक्षम है। प्रबंधक के इसी महत्व को समझाते हुए अमेरिकन प्रबंध संघ के पूर्व अध्यक्ष लारेंस एप्ले ने लिखा है कि "प्रबंध मनुष्यों का विकास है।

(8) सुदृढ़ औद्योगिक सम्बंधों की स्थापना => "सुदृढ़ औद्योगिक सम्बंध संस्था की सफलता की आधार शिला है।" प्रभावकारी प्रबंधक कर्मचारियों की शिकायतों समस्याओं तथा आपसी विवादों को निपटाकर सुदृढ़ श्रम सम्बंधो की स्थापना कर सकता है इतना ही नहीं वह इनके समाधान की स्थायी व्यवस्था भी कर सकते है।

(9) उत्पादन में वृद्धि

(10) नवीन तकनीक तथा प्रचलित विधियों में सम्बंध => ई.सी.ए समूह के डॉ विनय भरत राम ने उचित ही कहा है कि "तकनीक में विकास के साथ-2 प्रबंध का महत्व बढ़ता जा रहा है।" वास्तव में आज उत्पादन एंव कार्य विधियां में निरंतर परिवर्तन हो रहा है कुशल प्रबंध इस सभी तकनीको एंव कार्यो विधियों को अपनी संस्था में इस प्रकार संबंधित रूप से अपनाता है कि संस्था को नवीन तकनीक का लाभ मिलता रहता है एंव संस्था को कर्मचारियों

Teacher's Signature..........

का विरोध भी सहना नही पड़ता है।

(b) समाज के लिए महत्त्व

(1) समाज के विभिन्न वर्गो के हितो में सम्बंध ⇒
गुरिनक के अनुसार ए सभी संगठन कुछ सामाजिक समूहों के प्रति उत्तरदायी होते है। प्रबंध इन समूहों के प्रति साथ सम्बंधों की कड़ी का कार्य करते है। वास्तव मे प्रभावकारि सम्बंध समाज के विभिन्न वर्गो के हितो मे सामन्जस रूप स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

(2) वस्तुओं तथा सेवाओं की उपलब्धि ⇒
कुशल प्रबंध ही समाज को न्युनतम लागत पर अच्छी - 2 वस्तुएँ और सेवाए भी यथा समय स्थान उपलब्ध करा सकता है।

(3) रोजगार की उपलब्धि
(4) जीवन स्तर में सुधार

(5) सामाजिक सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा ⇒
कुशल प्रबंधी देश के सामाजिक एवं संस्कृतिक रक्षा भी कर सकता है। असकुशल प्रबंध गलत तरिके से लाभ कमाता है और समाज में भ्रष्टाचार एवं सांस्कृतिक अनैतिक को बढ़ाता है।

(b) सामाजिक उत्थान मे योगदान :- दुनिया के सभी देशो में अनेक सामाजिक समस्याये है जैसे गरीबी, बीमारी, बेरोजगारी, कुप्रथा, छुआ रंग - भेद, अशिक्षा, अज्ञानता आदि है। कुशल प्रबंध इन सामाजिक समस्याओं के निवारण मे सहयोग करके सामाजिक उत्थान में योगदान देता है।

(c) राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्व

(1) भौतिक संसाधनों का सदुपयोग => प्रत्येक राष्ट्र के पास अपने - संसाधन है जैसे - भूमि, वन, समुद्र, खनिज, पशु, मनुष्य आदि एक अच्छा प्रबंध इन संसाधनो को देश के हित में सदुपयोग कर सकता है।

(2) मानवसंसाधन का सदुपयोग => सभी प्रबंध विशेषज्ञों का यह दृढ विश्वास है कि मानव एक विशिष्ट प्रकार का संसाधन है जो देश के विश्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

(3) पूंजी निर्माण का प्रोत्साहन => सभी देशो में पूंजी निर्माण होता है। किसी का कम तो किसी का ज्यादा / विकासशील राष्ट्र में पूंजी निर्माण की दर कम होती है। इसी का कारण यह है कि यहा के लोगों कि आय कम होती

है। जिसके कारण कपत कम होती है दूसरी और कपत के विनियोग के अवसर स्वतः रस्ते भी कम होते। कुशल प्रबंध विनियोग के अवसर उत्पन्न करवाता है और विनियोग के माध्यम से रोजगार का उपलब्ध करवाएगा।

(4) राष्ट्रीय योजनाओं में योगदान =>

कुशल प्रबंध राष्ट्रीय योजनाओं के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण रूप से योगदान देता है। यह योजनाओं की प्राथमिकताओं के अनुरूप उद्योगों का विकास एवं विस्तार निर्माण आदि में योगदान देता है

(5) संतुलित आर्थिक विकास =>

विश्व के सभी देशों में एक समान नहीं हुआ है किन्तु कुशल प्रबंधन संतुलित आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है ये पिछले क्षेत्रों में उद्योगों के लिए सहयोग करके वहाँ के विकास के द्वार खोल सकते है।

गरीबी का उन्मूलन :-

दुनिया में कुछ देश ऐसे भी है जिन्हे विकासशील कहाँ जाता है।

विकासशील राष्ट्रो में लगभग आधी जनसंख्या के पास खाने-पीने, रहने, ओढ़ने के आवश्यक समान भी नही है होते है ऐसे देशों मे कुशल प्रबंध की आवश्यकता सर्वाधिक होती है। वह वहा की समस्या के निवारण के लिए अपने प्रबंधकीय कोशल का प्रयोग कर सकते है।

Ans.3 प्रबंध की विचार धारा से आप क्या समझते है? प्रबंध में टेलर का योगदान बताइए

प्रबंध विचारधारा का अर्थ एवं परिभाषा => विचार धारा से आशय किसी समय विशेष मे व्यक्ति विशेष द्वारा किसी भी वस्तु के संबंध में जो विचार व्यक्त किए जाते है या दृष्टिकोण रखा जाता है जिसका प्रभाव अन्य व्यक्तियों के विचारों को प्रभावित कर सके उसे विचार धारा कहा जाता है। जिनका प्रतिपादन प्रबंध शास्त्रो द्वारा किया जाता है, जो अन्य व्यक्तियों का प्रबंध कार्यो को व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण योगदान देती है।

टेलर का योगदान / वैज्ञानिक प्रबंध की तकनिके => टेलर ने वैज्ञानिक प्रबंध के विकास हेतु अनेक तकनिको एवं सिद्धान्तों का विकास किया। यह टेलर के योगदान के रूप मे समझा जा सकता है जो निम्नलिखित है

(1) विशिष्टीकरण => वैज्ञानिक प्रबंध की प्रथम तकनीक ही विशिष्टीकरण है। यह विशिष्टीकरण की तकनीक यह बताती है कि सम्पूर्ण कार्य को अनेक भागों में विभाजित करना चाहिए तथा कार्य के प्रत्येक भाग को एक विशिष्ट ज्ञान एवं योग्यता वाले व्यक्ति को ही सौंपा जाना चाहिए।

(2) कार्य का निर्धारण =>
टेलर का कहना था कि प्रत्येक श्रमिक के दैनिक कार्य का निर्धारण करना चाहिए एक सर्वोत्तम कुशल श्रमिक एक निश्चित समय में कितना कार्य कर सकता है। इसका पता लगाकर श्रमिक के लिए कार्य का निर्धारण करना चाहिए। कार्य निर्धारित करते समय इस बात का अत्यधिक ध्यान रखा जाना चाहिए कि श्रमिक पर अत्यधिक कार्य भार ना पड़े।

(3) प्रयोग => वैज्ञानिक प्रबंध में प्रयोग ही नींव का पत्थर है। अतः कार्य के प्रत्येक तत्व जैसे मनुष्य, मशीन, विधी, सामग्री, उपकरण आदि प्रयोग करके देखना चाहिए। प्रयोग के अभाव में कभी-2 श्रमिक उस विधी का प्रयोग करते हैं जो अनुपयुक्त है। सामान्यतः वैज्ञानिक प्रबंध में 3 प्रयोग किये जाते है

(i) समय अध्ययन
(ii) गति अध्ययन
(iii) थकान अध्ययन

(4) श्रमिको का सही रूप से चुनाव एवं प्रशिक्षण :- टेलर का कहना था कि श्रमिको का वैज्ञानिक विधि से चयन किया जाना चाहिए। प्रयास यह किया जाना चाहिए कि सही कार्य पर सही व्यक्ति की नियुक्ति हो। इस हेतु श्रमिको का चयन करते समय मनोवैज्ञानिक एवं व्यवसायिक जाँचों को आधार बनाना चाहिए इसके अतिरिक्त श्रमिको को उचित प्रशिक्षण देना चाहिए क्योंकि एक प्रशिक्षित कर्मचारि ही संस्था के विकास में योगदान देता है।

(5) कार्यो का वितरण :- श्रमिको का चुनाव करलेने व उनको प्रशिक्षण देने के बाद कार्य लगाया जाता है। टेलर का मानना था कि प्रत्येक श्रमिक को उचित

कार्य पर लगाना चाहिए सही व्यक्ति को सही काम मिल सके इसका ध्यान रखा जाना चाहिए।

(6) औजार एवं सामग्री का वैज्ञानिक चुनाव :

टेलर का माना था कि कोई भी श्रमिक अपना कार्य तब तक दक्षता पूर्वक नही कर सकता जब तक उसे कार्य से संबंधित उपकरण एवं सामग्री उपलब्ध नही हो पाती है। इस हेतु प्रबंधको को सामग्री एवं उपकरणों का वैज्ञानिक रूप से चयन किया जाना चाहिए।

(7) कारखाने मे सौहार्दपूर्ण वातावरण =>

कारखाने का वातावरण श्रमिकों की कार्य कुशलता को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है अतः कारखाने में सौहार्दपूर्ण वातावरण होना आवश्यक है। सौहार्दपूर्ण वातावरण मे ही श्रमिको मे कार्य के प्रति रूचि उत्पन्न की जा सकती है और उनमे कारखाने के प्रति अपनत्व की भावना का विकास किया जा सकता है।

(8) प्रेरणात्मक मजदूरी प्रणालियाँ =>

टेलर ने कारखाने में प्रेरणात्मक ~~मजदू~~ मजदूरी प्रणालीयाँ लागु करने का सुझाव दिया। उनका यह मानना था की कार्य कुशलता तथा कार्य के प्रति प्रेरणा उत्पन्न करने के लिए कारखाने मे प्रेरणात्मक

मजदूरी प्रणाली लागू की जानी चाहिए।

(9) कुशल लागत लेखाप्रणाली => वैज्ञानिक प्रबंध का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत कुशल लागत लेखा प्रणाली, इसके द्वारा प्रबंधक अपनी कमियों को जान सकता है। और उनको दूर करने के प्रयास कर सकता है।

प्रमापिकरण => टेलर ने इस बात पर भी बल दिया था कि प्रत्येक प्रबंध के सामग्री, यंत्रों, विधियों आदि का भी प्रमापीकरण कर लेना चाहिए। प्रमाप निश्चित करने से कार्य एवं उत्पादन में एकरूपता बनी रहती है।

(11) अपवाद का सिद्धांत => टेलर ने अपवाद का सिद्धांत भी प्रतिपादित किया और कहा कि सामान्य परिस्थितियों में संस्था के सभी कार्य अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा किये जाने चाहिए। केवल अपवादजनक परिस्थितियों मे ही उच्च प्रबंधकों को हस्तक्षेप करना चाहिए।

(12) क्रियात्मक फोरमैनशिप:- टेलर ने कारखाने मे आठ नायकों का सुझाव दिया जिनमे 4 कार्यालय मे 4 कारखाने मे होवो।

ये आठ नायक निम्नलिखित है।

(i) टोली नायक — कार्यक्रम लिपिक।

गति नायक — निर्देशन पत्रक

मरम्मत नायक — समय एवं लागत लिपिक

निरीक्षक नायक — कारखाना अनुशासन

मानसिक

(13) मानसिक क्रांति =)

टेलर का यह भी मानना था कि कुशल प्रबंध के लिए श्रमिकों एवं प्रबंधकों मे मानसिक प्रबंध की आवश्यकता है उनका मत था कि मानसिक क्रांति के बिना वैज्ञानिक प्रबंध का कोई अस्तित्व नही है। मानसिक क्रांति से उनका आशय यह था कि दोनो ही पक्षों को अपने विचारों में परिवर्तन करना चाहिए। एक-दूसरे को समझना चाहिए।

Que. 4 प्रबंध के सिद्धांतो से आप क्या समझते है? फेयोल के सिद्धांत बताइये ? प्रबंध के सिद्धांतों का महत्त्व बताइये

Ans सिद्धांत का अर्थ एवं परिभाषा :- जीवन के किसी भी क्षेत्र में ज्ञान का व्यवस्थित अध्ययन करने एवं उस ज्ञान को व्यवहार में अपनाने में कुछ मार्गदर्शक बातों को ध्यान में रखा जाता है। ये मार्गदर्शक बाते अनुभव एवं के आधार पर निर्धारित कि जाती है। जब ये बाते समय, अनुभव, निरिक्षण की कसौटि पर खरी उतरती है। तो इन्हे सिद्धांतों के रूप में स्वीकार कर लिये जाते है।

परिभाषा :- टेरी के अनुसार "किसी कार्य या ज्ञान के संबंध में सिद्धांत के आधारभूत मार्गदर्शक बाते है जो अनुभव शोध, विश्लेषण एवं परिक्षण के आधार पर निर्धारित की जाती है।

फेयोल के सिद्धांत :-

(i) कार्य विभाजन या विशिष्टिकरण का सिद्धांत
(ii) अधिकार एवं दायित्व का सिद्धांत
(iii) अनुशासन का सिद्धांत
(iv) आदेश की एकता
(v) निदेश की एकता
(vi) व्यक्तिगत हित के स्थान पर सामान्य हित को वरियता का स्थान

कर्मचारियों के पारिश्रमिक का सिद्धांत
(vii) केन्द्रीकरण का सिद्धांत
(viii) सोपान श्रृंखला या पदानुक्रम का सिद्धांत
(ix) व्यवस्था का सिद्धांत
(x) न्याय या निष्पक्षता का स्थान
(xi) कार्यकाल मे स्थायीत्वता का सिद्धांत
(xii) पहलपन का सिद्धांत
(xiii) समूह भावना का सिद्धांत
(xv)

कुछ अन्य महत्वपूर्ण सिद्धांत.
जैसे => उद्देश्य का सिद्धांत.
(i) नियोजन का सिद्धांत
(ii) अपवाद का सिद्धांत.
(iii) नियंत्रण का सिद्धांत
(iv) संतुलन का सिद्धांत
(v)

प्रबन्ध के सिद्धांतो का महत्व :-

(i) कार्य कुशलता में वृद्धि ।
(ii) सही दृष्टिकोण एवं कार्य प्रणाली के विकास में योगदान ।
(iii) प्रबंध के कार्यों की प्रकृति का स्पष्टीकरण
(iv) परिक्षण में सुविधा :-
प्रबंध के सिद्धांतो का विकास होने पर संबंध का व्यवस्थित परिक्षण किया जाता है । वर्तमान शताब्दी के अंतर्गत मे प्रबंधकीय शिक्षण का या प्रशिक्षण का जो विकास हुआ है। वह प्रबंध के सिद्धांतो का ही परिणाम है।

(vi) प्रबंधकीय शोध में रूची :-
प्रबंधकीय शोध प्रबंध की सिद्धांतो को विकास का कारण एवं परिणाम है। जैसे-जैसे प्रबंध में शोध के नये आयाम विकसित होगे।

(vii) सामाजिक उद्देश्यों के प्रति :-
अब ये सभी मानने लगे है कि कुशल प्रबंध सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति मे महत्वपूर्ण रूप से योगदान देता है। प्रबंध के लिए सिद्धांतों के विकास एवं उपयोग से सभी संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रयोग किया जा सकता है।

(viii) प्रबंध पेशो का विकास :-
प्रत्येक पेशा निश्चित सिद्धांतों पर टिका होता है। प्रबंध के सिद्धांतों के विकास से प्रबंध को पेशों के रूप में विकसित करने में सहयोग मिला है।

प्रबंधकीय कार्यों का समुचित निष्पादन

(viii) जटिल समस्याओं के समाधान में योगदान

(xi) अनुभव शोध, विश्लेषण तथा परिक्षण के आधार

(x) पर विकसित सिद्धांत व्यवसायिक जगत की जटिल से जटिल समस्याओं के समाधान में योगदान दे सकते है। वे व्यवसाय के गतिशील वातावरण एवं प्रभावों को समझने में योगदान देते है। परिणाम स्वरूप व्यवसायिक जटिलताओं में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है।

Que 6 नियोजन का अर्थ बताइए। इसकी प्रकृति एवं विशेषताएँ बताइए।

Ans नियोजन कार्य वह प्रक्रिया है। जिसके द्वारा भावी उद्देश्यों तथा पूर्ण उद्देश्यों कि प्राप्ती के लिए जाता है।

परिभाषा :- कूंज तथा ओडोनेल के अनुसार " नियोजन अग्रिम रूप से यह निर्धारित करता है कि क्या करना है, किस प्रकार करना, कब करना है तथा इसे किसके द्वारा किया जाना है इसमें उपलब्ध विकल्पों मे से उद्देश्यों नितियों कार्य विधियों, कार्यक्रमों का चयन करना भी सम्मिलित है।

नियोजन के विशेषताएँ या प्रकृति :-

प्राथमिक कार्य
(1) सर्वव्यापी कार्य
(2) उद्देश्यपूर्ण :-
(3) नियोजन का अपना कोई उद्देश्य नही होता है बल्कि ये किन्ही उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जाता है। नियोजन के द्वारा उद्देश्य तथा उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्यों, साधनों, कार्यो विधियाँ आदि का निर्धारण किया जाता है।

(4) परस्पर आश्रित कार्य :- नियोजन प्रबंध प्रक्रिया का प्राथमिक कार्य होने के उपरांत भी यह परस्पर आश्रित कार्य है। प्रबंध के अन्य कार्यो को ध्यान में रखकर भावी कार्यों का निर्धारण किया जाता है। इसके अतिरिक्त उपक्रम के अन्य कार्यों

जैसे वित्तीय, उत्पादन, तकनीक, वितरण, लेखांकन आदि का कार्य एक-दूसरे के नियोजन से प्रभावित होता है।

(5) एक प्रक्रिया

सतत प्रक्रिया
(6) बौद्धिक प्रक्रिया
(7) पयानुक्रम प्रक्रिया
(8) भविष्योन्मुखः
(9) पुर्वानुमान नियोजन का आधार है
(10) समयबद्ध
(11) समायोजनीय
(12) संसाधनों की प्रतिबद्धता
(13) कार्यों पथो के लिए प्रतिबद्धता
(14) नियोजन में निर्णयन सम्मिलित है
(15)

Que. 7 नियोजन के महत्व एवं लाभ बताते हुए इसकी सीमाएँ या बाधाएँ बताइएँ

नियोजन का महत्व / लाभ / अवधारणा
(1) उद्देश्यों की स्पष्ट व्याख्या
(2) उद्देश्यों की प्राप्ती मे सहायक
(3) अनिश्चितता मे कमी
(4) परिवर्तनों के लिए तैयारी
(5) अवसरों का लाभ
(6) संसाधनों का सदुपयोग
(7) मितव्ययता को प्रोत्साहन
(8) प्रतिस्पर्धा क्षमता मे वृद्धि
(9) सहयोग एवं समन्वय मे

उपयुक्तता	यह विचारधारा अशिक्षित या चतुरहीन या संवेदनाहीन या निम्नस्तरीय कर्मचारियों की अभिप्रेरणा के लिए उपयोगी हो सकती है।	यह विचारधारा शिक्षित कौशलयुक्त एवं संवेदनशील कर्मचारियों की अभिप्रेरणा के लिए उपयोगी है।

Unit - I

Que. 1 नियोजन का अर्थ बताते हुए इसके सिद्धांत नियोजन प्रक्रिया या तकनीक को स्पष्ट कीजिए।

नियोजन के सिद्धांत :-

(1) उद्देश्यों का सिद्धांत

(2) उद्देश्यों की प्राप्ती में योगदान का सिद्धांत

(3) प्राथमिकता का सिद्धांत :-

यह सिद्धांत यह बताता है कि प्रबंधकों को सर्वप्रथम नियोजन को भी पूर्ण करना चाहिए, नियोजन के अभाव में किसी भी कार्य को करना मुश्किल है

(4) नियोजन कि मान्यताओं का सिद्धांत :

एक अच्छे नियोजन के लिए यह आवश्यक है नियोजन की मान्यताओं को भली प्रकार से निर्धारित कर लिया जाए

(5) सही पुर्वानुमान का सिद्धांत

(6) सर्वव्यापकता का सिद्धांत

(7) कार्यकुशलता का सिद्धांत

Page No. Date

Teacher's Signature ....

(8) लोचशीलता का सिद्धांत
परिवर्तन का सिद्धांत
(9) प्रतिस्पर्धा का सिद्धांत
(10) सीमा कारी घटको का सिद्धांत :-
(11) यह सिद्धांत इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि प्रत्येक कार्य के अनेक विकल्प हो सकते हैं किन्तु सही विकल्पों की अपनी-2 सीमाएँ होती है अतः नियोजन करते समय उस विकल्प का चयन करना चाहिए। जिसकी सीमा न्युनतम है।

(12) नीति निर्धारण का सिद्धांत :- यह सिद्धांत यह बतलाता है कि संस्था के नियोजन को ठोस प्रभावशाली बनाने के लिए सुदृढ़ नीतियाँ, कार्यक्रम तथा नियोजन के कुछ घटको का निर्धारण कर लेना चाहिए।

(13) समन्वय का सिद्धांत
(14) विकल्पों का सिद्धांत
(15) प्रतिस्पर्धा व्यवहारात्मक का सिद्धांत
(16) सहभागिता का सिद्धांत :- यह सिद्धांत यह बताता है कि प्रबंधकों को नियोजन करते समय अपनी कथन बद्धता अर्थात कथनों का दायित्व को ध्यान मे रखना चाहिए। प्रबंधक संस्था के प्रति जो कथनबद्ध होते है साथ मे ग्राहकों को कर्मचारियों, अंशधारियों, आपूर्तिकर्ताओं आदि पक्षकारों के प्रति भी उत्तरदायित्व एवं कथनबद्ध होते है अतः नियोजन करते समय प्रबंधकों को सबके प्रति अपने कार्यों, कथनों व दायित्वों को ध्यान में रखना चाहिए

नियोजन की प्रक्रिया व चरण।

(1) वातावरण का विश्लेषण एवं मूल्यांकन
(2) संस्था का आंतरिक मूल्यांकन :-

संस्था के बाह्य वातावरण का मूल्यांकन करने के बाद संस्था के आंतरिक वातावरण का मूल्यांकन किया जाता है। इस प्रकार संस्था का स्वाट एनालिसिस प्रक्रिया अपनाई जाती है, जिसमें शामिलीत शब्दों का अपने अर्थ मि निम्नलिखित है।

S = Strength शक्तियाँ, गुण, सकारात्मक बाते

W = Weekness कमियाँ, अवगुण

O = Opurtunity अवसर

T = Threat संकट या खतरे

(3) उद्देश्यों का निर्धारण करना :-

नियोजन प्रक्रिया के अगले चरण में उद्देश्यों का निर्धारण किया जाता है। सर्वप्रथम संस्था के उद्देश्यों को निर्धारित किया जाना चाहिए तत्पश्चात संस्था के प्रत्येक विभाग एवं उपविभाग के उद्देश्यों को निर्धारित करना चाहिए। ये उद्देश्य दीर्घकालीन एवं अल्पकालीन दोनों ही प्रकार के होने चाहिए

(4) नियोजन की मान्यताओं का निर्धारण :-

सभी सूचनाओं के

विश्लेषण के बाद नियोजन की मान्यताएँ निर्धारित करनी चाहिए। मान्यताएँ वास्तव मे वे सीमाएं होती है जिनके भितर रहकर नियोजन करना पड़ता है ये मान्यताएं, सीमाएं आंतरिक एवं बाह्य वातावरण से सम्बंधित होती है प्रबंधकों की धारणा, संसाधनों की उपलब्धता, कर्मचारियों की कुशलता से आंतरिक मान्यताएँ निर्धारित होती है। जबकि बाजारें, परिस्थितियों, पूँजी बाजार, सरकारी नीतियाँ, बाह्य मान्यताओं को निर्धारित करती है।

(5) वैकल्पिक योजनाओं की खोज :- सामान्यतः किसी भी कार्य को करने या उद्देश्यों को प्राप्त करने में अनेक विकल्प होते है। अतः नियोजन को अंतिम रूप से देने से पूर्व नियोजन के विभिन्न संभावित विकल्पों की खोज कर लेनी चाहिए। प्रबंधक जितने अधिक सृजनशील होंगे उतने ही अधिक एवं अच्छे विकल्प खोज लेते है। विकल्प खोजते समय उन्हें प्राप्त सुचनाओं एवं नियोजन की मान्यताओं को ध्यान में रखना चाहिए।

(6) विकल्पों का मुल्यांकन करना :- विविध विकल्पों की खोज के बाद उन विकल्पों का मुल्यांकन किया जाता है। विकल्पों का मुल्याकन अनेक तथ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए। इन तथ्यों में प्रत्येक विकल्प पर लगने वाला समय, विकल्प पर लगने वाला निवेश, उससे प्राप्त होने वाली आय, आय प्राप्ती में लगने वाला समय, संस्था की

Teacher's Signature

सीमाएँ, प्रत्येक विकल्पों को अपनाने से होने वाले सामाजिक प्रभाव आदि प्रमुख हैं।

(7) समुचित विकल्प का चयन :- सभी विकल्पों का मूल्यांकन कर लेने के बाद प्रबंधक किसी एक समुचित विकल्प का चयन करता है। यह विकल्प विद्यमान परिस्थितियों के प्रबंधक को सर्वश्रेष्ठ प्रतीत होता है। समुचित विकल्प केवल सैद्धांतिक आधारों पर सर्वश्रेष्ठ नहीं होता है बल्कि संस्था की आवश्यकताओं, परिस्थितियों, लागतों, सुविधाओं, कठिनाइयों आदि के संदर्भ में भी श्रेष्ठ होना चाहिए।

(8) कार्य योजनाओं का निर्माण : यह संस्था के नियोजन के बाद उसमें क्रियान्वन के लिए आवश्यक कार्य योजनाओं का निर्धारण किया जाता है। कार्य योजनाओं में विभागीय एवं अन्तर्विभागीय योजनाओं का निर्माण सम्मिलित किया जाता है।

(9) संसाधनों का आवंटन अर्थात बजट निर्माण : नियोजन प्रक्रिया के अगले चरण में नियोजन के क्रियान्वन हेतु आवश्यक संसाधनों का आवंटन किया जाता है। दूसरे शब्दों में प्रबंधक बजट तैयार करता है। इस प्रक्रिया में संस्था की समस्त योजना एवं सहायक योजनाओं को बजट के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

Page No.
Date

(10) योजना का क्रियान्वन :
नियोजन की सफलता योजना के सफल क्रियांवन पर निर्भर करती है, अतः इस चरण में प्रबंधक द्वारा सम्पूर्ण विभाग का समुचित संगठन निर्देशन एवं नियंत्रण करना होता है। उसे सही व्यक्ति को सभी कार्य सौंपने होते हैं, उन्हें सही नेतृत्व प्रदान करना होता है, अंत मे उन सभी के कार्यो का निरीक्षण कर नियंत्रण भी करना पड़ता है। ताकी नियोजन के उद्देश्य प्राप्त हो सके।

(11) अनुवर्तन :-
नियोजन के इस चरण पर योजना के क्रियान्वन का अनुवर्तन किया जाता है। इस चरण में प्रबंधक योजना के क्रियान्वन पर निगरानी रखता है तथा परिणामों की नियोजन के लक्ष्यों से तुलना करता है। इस प्रक्रिया में योजना के क्रियांवन की कठिनाइयों समस्याओ एवं सीमाओं को ज्ञात करने का कार्य किया जाता है। तत्पश्चात उनको करने के प्रयास किये जाते हैं। ~~तत्पश्चात~~ इस प्रकार नियोजन प्रक्रिया संपूर्ण होती है

Que नियोजन के प्रकार बताइए।

Ans नियोजन को तीन भागों में बांटा गया है।
(1) समयावधी के आधार पर
(2) प्रकृति के आधार पर
(3) प्रबंधकों के आधार पर

(1) समयावधी के आधार पर :-

समयावधी के आधार पर नियोजन को तीन भागों मे बांटा गया है

(i) दीर्घकालीन नियोजन :- दीर्घकालीन नियोजन सामान्यत: पाँच वर्ष से अधिक अवधि का होता है। कभी-2 ये 25 से 30 वर्ष की अवधी का भी हो जाता दीर्घकालिन नियोजन दीर्घकालिन उद्देश्यों की प्राप्ती के लिए किया गया नियोजन है।

दीर्घकालीन नियोजन के कारण

(i) बढ़ती प्रतिस्पर्धा की जानकारी करने एवं उनका सामना करने के लिए।

(ii) संस्था में नई योजनाओं के विकास के लिए।

(iii) संस्था मे भावी विकास के लिए आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धी को सुनिश्चित करने के लिए

(iv) संस्था में नई योजनाओं तथा विद्यमान योजनाओं मे समन्वय स्थापित करने के लिए।

Teacher's Signature..........

(v) विद्यमान उत्पाद श्रृंखलाओं को समाप्त करने तथा उनका समीकरण करने के लिए।

(vi) सम्पूर्ण संस्था के निष्पादन का मापन एवं मूल्यांकन करने के लिए।

दीर्घकालीन नियोजन के लाभ एवं गुण :-

(i) बड़े आकार के उपक्रमों की स्थापना से आसानी

(ii) जोखिमों का पूर्वानुमान लगाने में सहायता।

(iii) भावी परिवर्तनों के अनुसार संस्था को तैयार रखना

(iv) कर्मचारियों एवं प्रबंधकों का मनोबल बढ़ाने में सहायक।

दीर्घकालीन नियोजन के दोष / सीमाएँ :-

1. अत्यधिक लम्बी अवधी के नियोजन प्रायः असफल हो जाते हैं।

2. लम्बी अवधि कि योजनाओं की सफलता साधनों पर निर्भर करती है साधनों के अभाव में नियोजन की योजना में पड़ सकती है।

(ii) मध्यवर्ती नियोजन:

सामान्यतः एक वर्ष से अधिक किन्तु तीन वर्ष से कम अवधि के नियोजन को मध्यकालीन नियोजन कहते हैं, ऐसा नियोजन मध्यवर्ती प्रबंधक या क्रियात्मक प्रबंधकों द्वारा किया जाता है ऐसा नियोजन संस्था या उसके किसी विभाग या विद्यमान क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के लिए किया जाता है।

(iii) अल्पकालीन या अल्पावधि नियोजन :- जो नियोजन बहुत ही कम अवधि के लिये किया जाता है। उसे अल्पकालीन अवधि नियोजन कहते है। सामान्यतः इसकी अवधि एक सप्ताह या एक वर्ष की होती है, इसलिए ऐसे नियोजन सप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक अर्द्धवार्षिक या वार्षिक होते हैं अल्पकालीन नियोजन प्राय परिचालन प्रबंधकों या प्रथम पंक्ति प्रबंधकों द्वारा किया जा है। यह उच्च प्रबंधको द्वारा निर्धारित उद्देश्यो एवं नीतियों के अंतर्गत किया जाता है।

(2) प्रकृति के आधार पर

प्रकृति के आधार पर नियोजन को निम्नलिखित पाँच भागों मे बाटा गया है।

(i) प्रशासकीय नियोजन :- प्रशासकीय नियोजन वह नियोजन है जो संस्था की दीर्घकालीन नीतियों को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। इस नियोजन से सम्पूर्ण संस्था की नीतियों एवं उद्देश्यों कि रूपरेखा स्पष्ट हो जाती है। ऐसा नियोजन अतिमहत्त्वपूर्ण होता है।

(ii) व्यूहरचनात्मक नियोजन :- व्यूहरचनात्मक नियोजन शब्द सेना से लिया है इस संदर्भ मे व्यूहरचनात्मक नियोजन से आशय है ऐसे महान ~~नियोजन~~ नियोजन से है जो युद्ध जीतने के लिये किया जाता है। व्यूहरचनात्मक नियोजन वह ~~प्रकृति~~ प्रक्रिया निर्धारित किया जाता है। तथा उन व्यूहरचनात्मक की तय किया जाता है जिनसे संस्था के वातावरण के खतरों / स्तरों का

Teacher's Signature

का सामना करते हुए प्रमुख अवसरों का लाभ उठाकर संस्था के दीर्घकालीन उद्देश्यों को पूरा किया जा सके।

(iii) परिचालन नियोजन :- व्यूहरचनात्मक या दीर्घकालीन नियोजन को क्रियान्वित करने के लिए परिचालन नियोजन किया जाता है। परिचालन नियोजन व्यूहरचनात्मक नियोजन के अनुरूप किया जाता है। यह अल्पकालीन नियोजन है जिसके अंतर्गत यह निर्धारित किया जाता है कि संस्था के उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु व्यूहरचनात्मक नियोजन के अंतर्गत कौन-कौन से कार्य किये जायेंगे।

(iv) क्रियात्मक नियोजन : क्रियात्मक नियोजन संस्था के विभिन्न क्रियात्मक क्षेत्रों या विभागों के लिए किया जाता है। उत्पादन नियोजन, विपणन नियोजन, वित्तीय नियोजन, मानव संसाधन नियोजन आदि प्रमुख क्रियात्मक नियोजन हैं। प्रत्येक क्रियात्मक नियोजन प्रत्येक विभाग का नियोजन है जो संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं अधीनस्थों का मार्गदर्शन करता है।

(v) परियोजना नियोजन :- परियोजना किसी भी बड़े कार्य या योजना के किसी विशिष्ट चरण को पूरा करने के लिए बनाई जाती है। इसे प्रायोजना भी कहते हैं। अतः परियोजना नियोजन एक उप नियोजन है, जिसमें किसी विशिष्ट चरण के अंतर्गत कि जाने वाली क्रियाओं को समाहित किया जाता है।

Teacher's Signature

Page No.
Date / /

(3) प्रबंधकीय स्तरों के आधार पर :-

प्रबंधकीय स्तरों के आधार पर नियोजन तीन प्रकार का होता है।

(i) उच्च स्तरीय नियोजन :- उच्च स्तरीय प्रबंधकों द्वारा किया गया नियोजन उच्च स्तरीय नियोजन कहलाता है। ऐसा नियोजन संपूर्ण संस्था को प्रभावित करता है। इससे संपूर्ण संस्था के उद्देश्य एवं नीतियों का स्पष्टीकरण हो जाता है।

(ii) मध्यवर्ती नियोजन :- मध्यवर्ती प्रबंधकों विभागाध्यक्षों द्वार बनाए जाने वाला नियोजन मध्यवर्ती नियोजन कहलाता है। ऐसा नियोजन प्राय। प्रत्येक विभाग के संबंध में होता है विभागीय प्रबंधक अपने-2 विभाग संबंध में होता है। वह मध्यवर्ती नियोजन कहलाता है। मध्यवर्ती नियोजन उच्च नियोजन के आधार पर किया जाता है।

(iii) निम्नस्तरीय या प्रथम पंक्ति नियोजन :- कारखाना। ए कार्यालय अध्यक्षों तथा फोरमेन द्वारा किया गया नियो निम्न स्तरीय या प्रथम पंक्ति नियोजन होता है। ऐसा नियोजन दैनिक कार्यों से संबंधित होता है तथा अल्पकालीन होती है ऐसा नियोजन मध्य ... कार्यों को क्रियान्वन करने के ... न या विभागीय कार्यों को ... होता है।

Unit = II

Que. 1 समन्वय से आप क्या समझते है? समन्वय प्रबंध का सार है स्पष्ट किजिए।

Ans समन्वय का अर्थ एवं परिभाषा => हेनरी फेयोल के अनुसार "एक संस्था के कार्य संचालन में सुविधा एवं सफलता प्राप्त करने के लिए सभी क्रियाओं को में समरूपता लाना है।

अर्थ :- समन्वय एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसके अंतर्गत संस्था में कार्यरत व्यक्तियों में समरूपता एकरूपता, क्रमबद्धता स्थापित करने का प्रयास किया जाता है, ताकि संस्था के संसाधनों एवं मानविय को अधिकतम कुशलता के साथ संस्था के उद्देश्यो की पूर्ति के लिए उपयोग किया जा सकता है

समन्वय प्रबंध का सार :- स। समन्वय प्रबंध का सार प्रबंधशास्त्रीयों ने यह माना है क्योंकि समन्वय प्रबंध किए कार्यों को एक सुत्र मे पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समन्वय प्रबंध किए कार्य इस माला मोती या फुल है। मोतियों एवं फुलो की माला तभी बनती है जबकि प्रबंधकिय कार्यो के लिए बिच में समन्वय की धारा प्रवाहित होती है। इसलिए कहा गया है कि समन्वय प्रबंध का सार है।

Teacher's Signature

Date

विस्तृत रूप से इसे निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझा जाता है :-

(1) नियोजन एवं समन्वय :- प्रत्येक प्रबंध को नियोजन कार्य से ही समन्वय करना प्रारम्भ कर देता है। वह प्रभावी नियोजन करने के लिए सभी विभागों उपविभागों के नियोजन का संस्था के सम्पूर्ण नियोजन के साथ समन्वय करने का प्रयास करना है। सभी योजनाओं के उद्देश्य एवं संसाधनों में संतुलन बनाये रखने का प्रयास करता है। प्रबंधक सभी विभागों - उपविभागों के प्रबंधकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं एवं इच्छाओं एवं इनके समाधान के विकल्पों के संबंध में विचार विमर्श करता है। इस प्रकार प्रत्येक प्रबंधक नियोजन कार्य से प्रभावी समन्वय स्थापित करने का प्रयास प्रारम्भ कर देता है।

(2) संगठन एवं समन्वय :- समन्वय को संगठन का आवश्यक सिद्धांत माना जाता है। मूने के अनुसार "समन्वय संगठन के सिद्धांत की सम्पूर्ण व्याख्या करता है।" संगठन के स्थापना से संचालन तक सम्पूर्ण प्रक्रिया में प्रबंधकों को समन्वय करना ही पड़ता है। वस्तुतः संगठन के निर्माण में कार्यों का विभाजन अनिवार्य होता है।

और जहाँ भी कार्य विभाजन किया जाता है वहाँ समन्वय आवश्यक होता है। संगठन का निर्माण करने के लिए कार्यों का विभाजन किया जाता है। वहा समन्वय आवश्यक होता है। उसके बाद कार्यों को विभिन्न विभाग में बाटा जाता है। तत पश्चात उन कार्यों को करने हेतु आवश्यक अधिकार दिये जाते है। इस प्रक्रिया में प्रबंधक को सभी कार्यों विभागो एंव व्यक्तियों एंव उनके अधिकारों के बिच समन्वय स्थापित करना पड़ता है।

नियुक्ति एंव समन्वय :- कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधि कार्यों में भी प्रबंधक को समन्वय स्थापित करना पड़ता है। उसे कर्मचारि की आवश्यकताओं एंव योग्यताओं का निर्धारण करने, भर्ति करने, उनका चयन करना, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था करना, उनका मुल्यांकन करना एंव पारिश्रामिक निर्धारित करने एंव पदोन्नती, पदावंति, स्थानांतरण, नीति निर्धारण आदि सभी कार्यों में समन्वय स्थापित करना पड़ता है। ऐसा से सही व्यक्ति को ही सही स्थान पर लगाया जायेगा

(4) निर्देशन एवं समन्वय :- निर्देशन कार्य में समन्वय आवश्यक है। निर्देशन के अन्तर्गत नेतृत्व, सम्प्रेषण, निर्णयन, प्रेरणा, पर्यवेक्षण आदि कार्यों को सम्मलित किया जाता है। कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने हेतु उनकी आर्थिक, मानसिक एवं भावनात्मक आवश्यकताओं की संतुष्टि हेतु समन्वय करना पड़ता है। अभिप्रेरणा की सकारात्मक एवं नकारात्मक विधियों तथा व्यक्तिगत एवं सामूहिक हितों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करके ही प्रभावी पर्याप्त प्रेरण व्यवस्था की जा सकती है।

नियंत्रण एवं समन्वय :- नियंत्रण प्रबंध का एक कार्य है जिसमें वास्तविक कार्य परिणामों की निर्धारित लक्ष्यों से तुलना की जाती है। तत्पश्चात उनमें कोई अंतर रहता है तो सुधारात्मक प्रयास किये जाते हैं। तथा वास्तविक परिणामों एवं लक्ष्यों में निर्धारित समन्वय स्थापित किया जाता है। इस प्रक्रिया में प्रबंधक को प्रत्येक विभाग, उपविभाग एवं कर्मचारियों के कार्यों में समन्वय भी बनाए बनाए रखना पड़ता है।

निष्कर्ष :-

उपर्युक्त विवेचना से स्पष्ट होता है कि समन्वय प्रबंध का सार है। क्योंकि प्रबंध के समस्त कार्य नियोजन, निर्देशन, नियंत्रण, संगठन सभी पर समन्वय की आवश्यकता है।

Que. 2 समन्वय का अर्थ बताते हुए समन्वय के महत्त्व सिद्धांत विधियां बताये ?

Ans समन्वय का सिद्धांत :-

बर्नार्ड के अनुसार " समन्वय की किसी संगठन के जीवित रखने के लिए महत्त्वपूर्ण तत्व है जैसे-2 व्यवसायिक जटिलता बढ़ती जा रही है उसी प्रकार समन्वय की आवश्यकता भी बढ़ती जा रही है। वर्तमान व्यवसायिक जगत में समन्वय के महत्त्व को निम्नलिखित माध्यम से स्पष्ट किया जा सकता है :-

(i) कुल प्राप्ति में वृद्धि :-

अनेक व्यक्तियो द्वारा किये जाने वाले अलग-2 कार्यो की अपेक्षा एक समन्वित कार्य अधिक होता है। दूसरे शब्दो में अलग-2 व्यक्तियों के कार्यो को दूसरे एक साथ मिला दिया जाए तो वह केवल गणितात्मक जोड़ ही नही होगा बल्कि उससे भी अधिक होगा। समन्वय के द्वारा दो एवं दो के योग को पांच बनाने का प्रयास किया जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि समन्वय से कार्यो का दोहराव रुक जाता है।

(2) दूसरे कार्यो की कुंजी :-

समन्वय का महत्व इस भी है कि प्रबंध के कार्यो का जैसे नियंत्रण निर्देशन, संगठन, नियमन आदि की कुंजी है सभी समन्वय स्थापित करना आवश्यक है।

Page No.
Date

(3) विवादों को सुलझाने :- प्राय यह देखने में आता है कि संगठनों का प्रत्येक व्यक्ति उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपने ही ढंग से कार्य करता है। यह नहीं सोचता है कि दूसरे के कार्य पर या सहकर्मियों पर क्या प्रभाव पड़ेगा। परिणाम स्वरूप उनमें विवाद बढ़ जायेगा। समन्वय इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। वह व्यक्तियों के हितों, प्रयासों तथा कार्यों के विधी के अंतर को समाप्त करता है। और व्यक्तिगत लक्ष्यों एवं कार्यों का एक सूत्र बनाता है, ताकि समूह के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।

(4) मानवीय संबंधो पर जोर :- समन्वय मानवीय संबंधो को अधिक महत्वपूर्ण बनाता है यदि संगठन में पर्याप्त प्रबंध की व्यवस्था नहीं है तो संगठन के उद्देश्यों में अनिश्चितता का भय उत्पन्न हो जायेगा जिसका प्रभाव संस्था के कार्य कुशलता पर पड़ेगा एक अच्छी समन्वय प्रक्रिया द्वारा संस्था तथा कर्मचारियों के बीच सुदृढ़ मानवीय संबंधों की स्थापना की जा सकती है।

(5) अच्छे कर्मचारियों को रोकना => हेरी के अनुसार "अच्छे समन्वय से संस्था में कर्मचारियों की वृद्धि होती है।" और वे संस्था में बने रहते हैं यदि कर्मचारियों को कार्य से संतुष्टी होती है तो वे एक ही संस्था में अधिक समय तक कार्य करते है।

कर्मचारि महसूस करते कि संस्था में इसके लिए और स्थान नहीं है इसके विपरीत परिस्थितीयों में कर्मचारियों द्वारा कार्य कुशलता से कार्य नहीं किया जायेगा और वह संस्था में ठहर भी नहीं पायेगा।

(6) विशिष्टिकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति :-
वर्तमान समय में विशिष्टिकरण का महत्त्व बढ़ता जा रहा है। विशिष्टिकरण के लाभों को तभी प्राप्त किया जा सकता है जब विशिष्ट व्यक्तियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों एवं क्रियाओं में समन्वय स्थापित किया जा सके।

(7) विविधता में एकता की स्थापना :-
यह हम सभी जानते है कि एक संस्था में भिन्न-2 विचारों, सोच, मान्यताओं, भावनाओं के लोग काम करते है। प्रबंधक समन्वय द्वारा सभी व्यक्तियों में कार्यो और संस्था के प्रति समान विचार उत्पन्न कर सकता है।

(8) मनोबल में वृद्धि => जिस संस्था में समन्वय मधुर सौहार्द और सहयोगी होता है। जिसके कारण कर्मचारियों में कार्य के प्रति लगन उत्पन्न होती है। परिणामस्वरूप कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि होती है।

समन्वय के सिद्धांत :-
(1) प्रत्यक्ष सम्पर्क का सिद्धांत :-
प्रथम एवं मुख्य समन्वय का सिद्धांत यह है कि समन्वय उत्तरदायी व्यक्तियों विचारों आदर्शों सम्पर्क से किया जाना चाहिए।

Teacher's Signature

उद्देश्यो एवं लक्ष्यो का प्रत्यक्ष संबंध द्वारा
भली प्रकार आदान प्रदान किया जा सकता है
प्रत्यक्ष क्षैतिज संबंधो तथा प्रत्यक्ष व्यक्तिगत
संदेशवाहन से समन्वय करना और भी आसान होता है।

(2) प्रारम्भिक स्थिती में समन्व :-
समन्व का दूसरा सिद्धांत
यह बताता है कि समन्वय नियोजन एवं नीति
निर्धारण करते समय ही प्रारम्भ कर लिया जाना
चाहिए यदि कार्यो के निष्पादन के पूर्व ही
कार्य करने वाले से परामर्श करने के लिया जाता
जाए और कार्यो के संबंध मे कर्मचारियो के
विचार प्राप्त कर लिये जाते तो समन्वय
करना और भी सरल हो जाता है। इस सिद्धांत
के पालन हेतु Mrs Fale का यह सुझाव था कि
संरक्षण के विभागो अध्यक्षो में क्षैतिज संबंध
होने चाहिए।

(3) पारस्परिक संबंध का सिद्धांत :-
समन्वय का यह सिद्धांत
यह बताता है कि किसी स्थिती विशेष मे प्रत्येक तत्व
एक - दूसरे से संबंधित होता है यदि दो
कर्मचारियों साथ - 2 कार्य करते है तो वे
दोनों एक - दूसरे से प्रभावित होते है इसके
अतिरिक्त अपने साथ साथ काम करने वाले अन्य
कर्मचारियों को प्रभावित करते है इस प्रकार एक
संस्था के सभी तत्वों में समन्वय होता है और
वे एक - दूसरे को प्रभावित करते है।

Page No.
Date

(4) सतत प्रक्रिया का सिद्धांत :-
समन्वय का चौथा सिद्धांत यह ~~कल्पना~~ बताता है कि समन्वय एक सतत प्रक्रिया है अर्थात समन्वय का कार्य सदैव ही चलता ही रहना चाहिए समन्वय को अवसरों पर न छोड़ना चाहिए अर्थात यह एक ऐसा कार्य है जिसे समन्वय कर्ता द्वारा निरंतर करते चाहिए ताकि सस्थागत उद्देश्यो एवं लक्ष्यो को भली प्रकार प्राप्त किया जा सके

(5) गतिशीलता का सिद्धांत :-
आधुनिक गत्यात्मक व्यवस्था में में गतिशीलता के सिद्धांत का अत्यंत महत्वपूर्ण है यह सिद्धांत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है सिद्धांत इस बात की ओर ध्यान दिलाता है कि समन्वय करने की परिस्थितियो एवं तथ्यो में के साथ-2 समरूपता की तकनिक में भी परिवर्तन करना चाहिए।

(6) समय सिद्धांत :-
यह सिद्धांत इस बात की ओर संकेत करता है कि समन्वय यथा समय किया जाना चाहिए उपयुक्त समय पर किया गया समन्वय प्रयासो सफलता में वृद्धि करता है।

समन्वय की विधियां

(1) आदेश श्रृंखला द्वारा समन्वय :- एक संगठन अधिकारियों के अपने अधीनस्तो को आदेश एवं निर्देश देने का अधिकार होगा।

Teacher's Signature..........

अतः अधिकारी अपने अधीनस्तों को आदेश दे संस्था के लक्षणों के अनुसार कार्य करवा सकते हैं। प्रायः सभी संस्थाओं के मे समन्वय इस विधी का प्रयोग किया जाता है।

(2) नेतृत्व द्वारा समन्वय:- वेज के अनुसार " समन्वय एक मानवीय प्रक्रिया है और प्रबंधक अपने व्यक्तिगत आचरण द्वारा इसकी स्थापना करता है" अर्थात नेतृत्व द्वारा संस्था के कर्मचारियों के कार्यों को प्रभाव पूर्ण बनाया जाता है तथा कर्मचारियों के भ्रम अनिश्चितताओं एवं गलतियों को समाप्त किया जा सकता है।

(3) प्रभावशाली संदेशवाहन व्यवस्था :-
समन्वय के लिए संदेशवाहन परमआवश्यक है सूक्ष्म रूप से देखा जाए तो समन्वय संदेश वाहन के अभाव में सम्भव नहीं है। समन्वय करने के लिए संदेशवाहन लिखित, मौखिक, औपचारिक, अनौपचारिक किसी भी प्रकार का हो सकता है।

(4) संस्था के नीति विवरण :-
संस्था के नीति विवरण को भी समन्वय के साधन के रूप में प्रयुक्त किया जा सकता है। अधिकारी अपने कर्मचारियों को संस्था की नीतियां एवं लक्ष्य से अवगत करा देते हैं। इससे कर्मचारी स्वयं ही इन परिस्थितियों एवं नीतियों और लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने लगते हैं।

